**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2829**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**उत्तर प्रदेश में नए अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन**

**2829. श्री तनुज पुनिया:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में कुल कितने नए अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों की स्थापना की गई है;

(ख) विमानपत्तनों की अधिकतम संख्या वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाने वाले नए अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) : पिछले पांच वर्षों में 3 नए अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को कार्यशील कर दिया गया है अर्थात उत्तर प्रदेश में कुशीनगर, गोवा में मोपा और गुजरात में राजकोट (हीरासर)। इसके अतिरिक्त, सूरत और अयोध्या हवाईअड्डों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा प्रदान किया गया है।

(ख) : देश में उत्तर प्रदेश राज्य में सबसे अधिक 17 हवाईअड्डे कार्यशील हैं, जिनमें से 4 अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे हैं।

(ग) : वर्ष 2018 में भारत सरकार (जीओआई) ने उत्तर प्रदेश के नोएडा (जेवर) में अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। चरण-I में हवाईअड्डे का विकास, 3900 मीटर x 45 मीटर के एकल कोड ई सक्षम रनवे और प्रति वर्ष 12 मिलियन यात्रियों की यात्री हैंडलिंग क्षमता के लिए है, जिसकी परियोजना लागत 10,056 करोड़ रुपए है।

*****